उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

# UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, बुधवार, 29 जुलाई 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

## अनूपशहर में गंगा जी पर गुरु पूर्णिमा पर भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी।



संवाददाता गगन कुमार अनूपशहर। सावन मास की गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर अनूपशहर के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दूर-दराज़ से आए हजारों श्रद्धालु रात से ही गंगा तट पर पहुंचने लगे और मस्तराम घाट, जान्हवी द्वार, बवस्तर गंज चौराहा, लाल महादेव तथा मंसूरी घाट सहित विभिन्न घाटों पर तंबू लगाकर विश्राम किया। सुबह होते ही श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर स्नान किया और पूजा-अर्चना की।स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने अपने गुरुजनों का विधि-विधान से पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा की अनूठी झलक देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने अपने गुरुओं का सम्मान किया और उनके प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे गंगा तट पर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं के भी व्यापक इंतजाम किए गए, जिससे श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण ढंग से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। गुरु पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर अनूपशहर के गंगा घाट श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से सराबोर नजर आए।

### एक नज़र में

वरिष्ठ पत्रकार की माताजी का निधन, पत्रकार जगत में शोक की लहर।
25 लाख की टप्पेबाजी का खुलासा: दिल्ली का शातिर गिरफ्तार, पूरी रकम और बाइक बरामद।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

### वरिष्ठ पत्रकार की माताजी का निधन, पत्रकार जगत में शोक की लहर।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी गोवर्धन। वरिष्ठ पत्रकार रसिक शर्मा जी की पूजनीय माताजी का निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही पत्रकार जगत एवं शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई।माताजी के निधन पर अनेक पत्रकारों, समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभी ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

देश

### 25 लाख की टप्पेबाजी का खुलासा: दिल्ली का शातिर गिरफ्तार, पूरी रकम और बाइक बरामद।




संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी + मथुरा। थाना हाईवे पुलिस ने सर्विलांस, साइबर, स्वॉट और एसओजी टीम के संयुक्त अभियान में 25 लाख रुपये की टप्पेबाजी का सफल खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पूरी 25 लाख रुपये की नकदी, घटना में प्रयुक्त GIXXER-250 मोटरसाइकिल तथा बैग बरामद कर लिया है।पुलिस के अनुसार, 20 जुलाई 2026 को एक कंपनी के कर्मचारी कार से 25 लाख रुपये लेकर गोविंद नगर जा रहे थे। सीआईएमएस अस्पताल के पास बाइक सवार दो युवकों ने कार को ओवरटेक कर गाड़ी खराब होने का इशारा किया। चालक के गाड़ी रोकते ही आरोपी कार में रखा रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गए।